## सार-समाचार

### 'सांचोर जिला की योग्यताओं पर खरा'

**सांचोर**, (निसं)। सांचोर जिले को लेकर सरकार और क्षेत्रवासियों के बीच खींचतान फिर एक बार सुर्खियों में आ गई हैं। प्रदेश सरकार द्वारा नवनिर्मित जिलों के पुर्नगठन के विचार मंथन में सांचौर जिले को यथावत रखने के संबंध में सोमवार को जालोर-सांचौर भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग रखी। उन्होंने पत्र में बताया की सांचैर जिला सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विधिताओं को समेटे हुए हैं और सांचौर शहर चितलवाना रानीवाडा, बागौडा क्षेत्र के लोग पिछले लंबे समय से अपनी आवश्यक्ताओं और समृद्धि के लिए सांचौर पर निर्भर हैं। उन्होने बताया की सांचौर जिला मुख्यालय बनने के पश्चात क्षेत्र में अवैध तस्करी एवं गैर कानूनी गतिविधियों पर प्रभाव पड़ हैं, जिसके बाद क्षेत्रवासियों में सरकार एवं प्रशासन के प्रति अपना विश्वास कायम हुआ हैं। वहीं जिला बनने के बाद से क्षेत्र में विकास ने रफ्तार पकड़ी हैं जो क्षेत्रवासियों के भविष्य की कल्पानाओं को साकार करने का अवसर देने वाला हैं। उन्होनें बताया की सांस्कृतिक रूप से सांचौर में विश्व प्रसिद्ध सबसे बड़ी गौशाला पथमेडा में हजारों गौवंशों का उपचार एवं सेवा की जाती हैं, तथा परिवहन एवं पर्यटन के दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्ग एवं भारत माला परियोजना देश के महत्वपूर्ण औद्योगिक एवं पर्यटन स्थलों को जोड़ता हैं। विकास की दृष्टि से सूखा बंदरगाह भवातडा देशभर में रोजगार के नए अवसर सृजन करेगा। उन्होंने बताया की सांचौर जिले के अंतिम गांव से जालोर जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 250 किमी हैं, जिसके कारण वहां की आबादी को जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यो हेतु आवागमन में विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं क्षेत्र में सांचौर, चितलवाना, रानीवाडा एवं बागोडा क्षेत्र शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में पिछडे रहे थे किंतु सांचौर जिला बनने के पश्चात इन क्षेत्रों में शिक्षा सहित स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में नवाचार होने की पूर्ण संभावनाएं हैं।

### भामाशाहों का सम्मान किया

**जालोर**, (निसं)। जालोर शहर के निकट मादलपुरा ग्राम के विधालय में मंगलवार को भामाशाह का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें भामाशाह का विधालय परिवार ने स्वागत किया। प्रबोधक भंवरु खान पठान कि जानकारी के अनुसार रा उ प्रा वि मादलपुरा ग्रेनाइट एसोसिएशन जालोर के अध्यक्ष राजु भाई एवं उनकी कमेटी के सेवा भावी सदस्यों के संयुक्त प्रयास से हरबंस सिंह अभिजीत ग्रेनाइट, गोविंद जी सतलाना ग्रेनाइट मादलपुरा द्वारा नि- स्वार्थ भाव से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मादलपुरा परिसर में पानी हौज,विद्यालय में 55000 रुपये की लागत से सी सी टीवी कैमरे लगवाए गए। प्रेरक भंवरू खां ने बताया कि भामाशाह ने इतना ही नहीं जब जब विद्यालय परिवार कि तरफ से अनुरोध किया तब तब इन भामाशाहों ने खुद आगे आकर विद्यालय को सहयोग किया खेलकूद प्रतियोगिता के लिए भी इन भामाशाहों ने हमेशा सहयोग किया एवं अभिलेख संधारण हेतु एक बडी अलमारी,बाल वाटिका निर्माण,विद्यालय नाम प्लेट बोर्ड, पौधों कि सुरक्षा हेतु लोहे कि जालियां सहित अन्य सामग्री विद्यालय को भेंट कि विद्यालय परिवार द्वारा इन भामाशाहों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर दिनेश कुमार प्रधानाध्यापक, श्याम सिंह चम्पावत शारीरिक शिक्षक, इब्राहिम खान मेहर, हितेश दवे, भोलाराम देवासी,अफरोज खान, माया शर्मा,एस.एम.सी.सदस्य सहित ग्रामीणों ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।

### भाजपा के सदस्यता अभियान पर चर्चा

**रेवदर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की बैठक रेवदर विधान सभा की जीरावला जैन मंदिर में जिला प्रभारी राजेंद्र गहलोत, जिला अध्यक्ष सुरेश कोठरी,जिला प्रमुख अर्जुन लाल पुरोहित,पूर्व सांसद देवजी पटेल और पूर्व विधायक जगसी राम कोली के निर्देशन तथा सदस्यता अभियान जिला संयोजक बाबू लाल पटेल, सह संयोजक प्रकाश राज रावल, जिला महामंत्री नरपत सिंह राणावत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गहलोत ने बताया कि भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता वही है जो अपने ही बूथ पर 100 सदस्य बनाएं ताकि अपना बूथ मजबूत तो भाजपा मजबूत। पूर्व सांसद देवजी पटेल ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान में अपन को अधिक से अधिक कार्यकताओं को जोडना है। जिला अध्यक्ष ने भी सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान प्रधान राधिका देवासी, उप प्रधान उर्मिला वैष्णव,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दक्षा देवडा,दुर्गा शर्मा,पूर्व जिला महामंत्री जय सिंह राव, मण्डल अध्यक्ष हरीश लोहार,सोशल मीडिया जिला संयोजक पूरण राव,जिला ,ईश्वर घांची आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ओवरलोडिंग वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई

**पोकरण**, (निसं)। लोक देवता रामदेवरा मेला को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलैक्टर प्रताप सिंह के दिशा-निर्देशों की पालना के तहत परिवहन विभाग द्वारा ओवर लोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी पोकरण कैलाशचन्द्र शर्मा ने बताया कि मेले के दौरान 22 अगस्त से अब तक विभाग द्वारा मोटर वाहन अधिनियमों के तहत ऑवर लोडिंग वाहनों के विरुद्व कार्यवाही करते हुए 980 चालान ऑवर लोडिंग वाहनों के चालान बनाये गए। इस प्रकार कुल 1338 वाहनों के विरुद्व कार्यवाही की जाकर 7 लाख 21 हजार रुपये की प्रशमन राशि वसूल की गई। जिला परिवहन अधिकारी शर्मा ने बताया कि मेले के अवसर पर उडनदस्तों द्वारा लगभग 3300 रिफलेक्टर धीमी गति के वाहनों व पैदल जातरूओं पर लगाए गए। परिवहन विभाग द्वारा 8 उडनदस्ते तैनात किए गए है। जिसमें 2 जोधपुर रोड, 2 बीकानेर रोड, 1 बाडमेर रोड, 1 नाचणा रोड तथा 2 मेला परिसर में चलित तैनात किए गए है। इसके साथ ही विषेष रूप से पैदल जातरूओं और दुपहिया वाहन चालकों को सडक पर एक तरफ चलने, बिना हेलमेट वाहन नही चलाने की हिदायत देने व यातायात नियमों की जानकारी व उसकी गंम्भीरता से अक्षरश: पालना के लिए उन्हे जागरूक व समझाईश की गई।

### नीलगाय का बच्चा बचाया

**धोरीमन्ना**, (निसं)। उपखण्ड के पाबूबेरा के खरङ क्षेत्र में तीन-चार कुत्तों ने हमला कर नीलगाय के बच्चे को जख्मी कर दिया। पर्यावरण सेवक व स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई ने जानकारी दी कि सुबह स्कूल आ रहे विद्यार्थियों ने तीन चार कुत्तों को नीलगाय के बच्चे का पीछा करते देखा तो राहगीर से फोन कर मुझे फोन किया तो हम दो शिक्षक गाडी लेकर वहां पहुंचे। तब कुत्ते नीलगाय के बच्चे को छोडकर भाग चुके थे। लेकिन उसको काफी घायल कर दिया था। तब हमने प्राथमिक उपचार करके उनको विद्यालय लेकर आ गये । साथ ही वन विभाग धोरीमन्ना से संपर्क किया। तब टीम ने दो तीन घण्टे से पहुंचने का आश्वासन दिया। तब विद्यार्थियों से बकरी का दूध मंगवाकर पिलाया। जब वन विभाग की रेस्क्यू टीम रिङमलदान चारण व नारायणराम नामा सहित पहुंची।

### पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**रेवदर**, (निसं)। स्थानीय विद्यालय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेवदर (सिरोही) में भारतीय मानक क्लब के तत्वावधान में प्रथम गतिविधि पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य ओमजीलाल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में मानक क्लब के 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से हॉलमार्क, रजिस्ट्रेशन नंबर, एचयूआईडी संख्या एवं ग्राहक जागरूकता का संदेश दिया ।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीनल कुमारी ,द्वितीय स्थान जिगर कुमार , तृतीय स्थान करीना सेन एवं चतुर्थ स्थान भूमि कुमारी ने प्राप्त किया जिनको प्रधानाचार्य महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ओमजीलाल शर्मा एवं मानक क्लब प्रभारी राधेश्याम ने भारतीय मानक ब्यूरो के बारे में अन्य जानकारी दी।

### खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दम

**रेवदर**, (निसं)। परिक्षेत्ररिय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राज. उच्च प्राथमिक विद्यालय आकुना में हुआ जिसमें स्थानीय विद्यालय विवेकानंद पब्लिक शिक्षण संस्थान, सिलदर ने भाग लेकर छात्र वर्ग में खो खो में प्रथम, जिनमास्टिक में द्वितीय व छात्रा वर्ग में 4 100रिले में द्वितीय स्थान प्राप्त जनरल ट्रॉफी जितने पर अभिभावकों ने मैडल पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर संस्था प्रधान लक्ष्मण लाल ने खिलाडियों को आगे ब्लॉक स्तर पर और विजेता होने की कामना की। अध्यापक दुदा राम, प्रमोद कुमार अध्यापिका कोमल कुंवर, निकिता कुमारी उपस्थिति थे।

### कुमावत आज आएंगे रामदेवरा

**पोकरण**, (निसं)। जिला प्रभारी मंत्री और पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत बुधवार को एक दिवसीय जैसलमेर दौरे पर रहेंगे। कुमावत 11 सितम्बर को जोधपुर से रवाना होकर प्रातः 8.30 बजे रामदेवरा में लोकदेवता बाबा रामदेव जी की समाधि के दर्शन करेंगे।

# नया बस स्टैंड पर अतिक्रमण को पुलिस-प्रशासन ने हटाया

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के नया बस स्टैंड के निकट स्थित व्यावसायिक कॉम्पलेक्स की भूमि पर अवैध तरीके से शराबी प्रवृति के लोगों द्वारा कब्जा कर आये दिन उत्पात मचाने से परेशान व्यापारियों द्वारा एसपी जालोर व नगरपरिषद के आयुक्त को ज्ञापन सौपने के बाद मंगलवार को दोपहर को पुलिस जाब्ता व नगरपरिषद का अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने पहुंचकर अवैध तरीके से निवास कर रहे लोगों को हटाने की कार्यवाही की गई।



जालोर के नया बस स्टैंड पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालो लोगों को हटाने की कार्रवाई की। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर शहर के नया बस स्टेण्ड के पास स्थित नगरपरिषद के व्यावसायिक कॉम्पलेक्स की भूमि पर बाहर से आये लोग अवैध तरीके से निवास कर रहे है। उक्त लोगों द्वारा आये दिन शराब एवं अन्य नशा करके आपस में लड़ाई झगडा करते है तथा आस पास के दुकानदारो के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर दुर्व्यवहार करके न्यूसेंस फैलाने का कार्य लम्बे समय से कर रहे है। जिससे आस पास के व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

उक्त लोगों द्वारा आये दिन शराब की बोतले इक्कट्ठा करने की आड़ में चोरी की वारदातो को अंजाम देने के साथ शहर में विभिन्न चोरी की वारदातों को अंजाम देते है। आपराधिक प्रवृति के इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही नही होने से इनका हौसला दिन ब दिन बढ़ने से परेशान व्यापारियों द्वारा बार बार पुलिस व प्रशासन को शिकायत करने के बाद मंगलवार को नगरपरिषद जालोर की टीम ने मय पुलिस जाब्ता के मौके पर पहुंचकर अवैध तरीके से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बैठे बदमाश प्रवृति के लोगो हटाने की कार्यवाही की गई।

जालोर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि व्यापारियों द्वारा नया बस स्टेण्ड पर सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर निवास कर रहे झगडालू प्रवृति के लोगो द्वारा न्यूसेंस फैलाने की शिकायत मिलने पर पुलिस जाब्ता मुहैया करवाया गया।

इस बारे में जालोर के व्यापारियों को कहा गया है कि ऐसे लोगों द्वारा न्यूसेंस फैलाने व भिक्षावृति को बढ़ावा देने की जानकारी होने पर पुलिस को सुचित करे। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# 'पैन क्लिनिक में हर प्रकार के दर्द से मिलती है राहत'




डॉक्टर शिखा सोनी

**जोधपुर**, (कासं)। महात्मा गांधी अस्पताल में इंटरवेंशनल पैन एंड पैलिएटिव क्लिनिक शुरू हुए 8 महीने हो गए। पैन क्लिनिक में इंटरवेंशनल पैन मैनेजमेंट की नूतन पद्धति से दर्द का निवारण किया जाता है।

पेन क्लिनिक का संचालन कर रही डॉक्टर शिखा सोनी ने बताया कि तकरीबन 500 से अधिक मरीज जो विभिन्न प्रकार के ऋोनिक दर्द से पीडित थे। इस पैन क्लिनिक में दिखा कर स्वास्थ लाभ लिया है। पैन क्लिनिक में कई तरह के दर्द जैसे कैंसर का दर्द, कमर -घुटने के विभिन्न प्रकार के दर्द तथा अन्य कई ऋोनिक पैन का इलाज किया गया। कमर दर्द में ट्रांसफोरामिनल एपीडुरल, कौडल एपीडुरल, फेसेट ब्लॉक आदि लगाए गए। सी आर पी एस और ऋोनिक सिम्पैथेटिक पैन में सिम्पैथेटिक ब्लॉक लगाया गया जिससे मरीजों को तीव्र दर्द से छुटकारा मिला। कैंसर के असहनीय दर्द में सिलियक प्लेक्सस ब्लॉक, हाइपोगेस्ट्रिक प्लेक्सस ब्लॉक आदि इंटरवेंशनल पैन मैनेजमेंट तकनीक से दर्द का निवारण किया गया है। ऐनेस्थिस्या विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर सरिता जनवेजा ने बताया कि यह पेन क्लिनिक सप्ताह मे दो दिन मंगलवार और गुरुवार को संचालित किया जाता है। गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर फतह सिंह भाटी ने बताया कि कैंसर के बढते मामलों की वजह से ऋोनिक पैन के केसेज में बढोतरी हुई है। इंटरवेंशनल पैन मैनेजमेंट और पैलियटिव केयर से हम कैंसर से लडाई में मरीज के दर्द और पीडा कम कर उसके जीवन को सरल बनाने मे सहयोग कर सकते है। कैंसर के अलावा भी कई न्यूरोलॉजिकल पैन में पैन क्लिनिक मरीजों के दर्द निवारण में सहायक है। डॉक्टर सम्पूर्णानन्द मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर भारती सारस्वत ने डॉक्टर शिखा सोनी को पेन क्लिनिक के सफल संचालन पर साधुवाद दिया।

# कलैक्टर ने कार्यालयों का निरीक्षण किया



जालोर में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने कलैक्ट्रेट कार्यालय के अनुभागों का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गवांडे ने मंगलवार को जिला कलैक्टर कार्यालय के विभिन्न अनुभागों, जिला परिषद, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, कोषाधिकारी कार्यालय व अभय कमांड सेन्टर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलैक्टर प्रदीप के. गवांडे ने जिला कलैक्टर कार्यालय के सहायता, सामान्य, विकास, चुनाव, विधि एवं न्याय, राजस्व, लेखा व जिला राजस्व लेखा अनुभागों का निरीक्षण कर कार्मिकों से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा फाईलों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के साथ ही रिकॉर्ड के व्यवस्थित रूप से संधारण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिला कलैक्टर ने जिला परिषद कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी से विभिन्न योजनाओं के संबंध में चर्चा की। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों का नियमित निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के करवाने के साथ ही प्रभावी मॉनिटरिंग करने की बात कही।

गवांडे ने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कार्यालय व कोषाधिकारी कार्यालय का अवलोकन कर कार्मिकों की उपस्थिति देख विभिन्न विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहत्तर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने अभय कमाण्ड पहुँचकर सीसीटीवी कैमरों द्वारा निगरानी व्यवस्था का आवलोकन किया।

इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, कार्यालय अधीक्षक रूस्तम खां, विकास सोलंकी सहित कार्यालयों के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# समय रहते हत्या की साजिश का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा पुलिस ने मंगलवार को हत्या की बड़ी साजिश को नाकाम कर इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बालोतरा कुंदन कंवरिया आईपीएस, पुलिस अधीक्षक जिला ने बताया कि महिला द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की बडी साजिश की आसूचना पर दिए गए दिशा-निर्देशानुसार आसूचना के आधार पर विवाहिता कोमल द्वारा अपने प्रेमी हनुमानपुरी के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रचकर अपने पति की हत्या करने के लिए 0पांच लाख रूपए की सुपारी देने व हत्या के प्रयास वगैरा मामले में मुलजिमा कोमल व प्रेमी हनुमानपुरी सहित सुपारी किलर अरविन्द उर्फ देवा, अशोक व सुरेश कुल पांच अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर चल रही हत्या की बडी साजिश का पर्दाफाश करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई।

ज्ञात रहे कि 9 सितम्बर को जिला स्पेशल टीम बालोतरा को जरिये मुखबीर के ईत्तला मिली की सिवाना निवासी सुरेशपुरी की हत्या करने को लेकर उसकी पत्नी कोमल ने अपने प्रेमी हनुमानपुरी के साथ मिलकर हत्या कर रास्ते से हटाने के लिए सुपारी किलर को 05 लाख रूपए की सुपारी दी गई है जो सुपारी किलर किसी भी वक्त सुरेशपुरी की हत्या कर सकते है। जो जसोल फांटा के पास हत्या करने के लिए इक्कठे हुए है। उक्त इत्तला विश्वसनीय होने से थानाप्रभारी जसोल मय जिला स्पेशल टीम बालोतरा द्वारा तत्परता से रवाना हो जसोल फांटा के पास बबुल की झाडियों में पहुंच कर पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर सघन सर्च अभियान चलाया जाकर सुरेशपुरी की हत्या करने के साजिशकर्त्ता हनुमानपुरी एवं उसके सहयोगी सुपारी किलर अरविन्द उर्फ देवा, सुरेश कुमार व अशोक कुमार को दस्तयाब किया।

वारदात का खुलाशा: जिला विशेष टीम की सूचना के आधार पर दस्तयाबसुदा साजिशकर्ता हनुमानपुरी व उसकी प्रेमिका कोमल सहित उसके सहयोगी सुपारी किलर अरविन्द उर्फ देवा, सुरेश कुमार व अशोक कुमार से परम्परागत पुलिसिंग एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मनोवैज्ञानिक पूछताछ करने पर सामने आया कि महिला कोमल अपने प्रेमी हनुमानपुरी से प्रेम प्रसंग के चलते एशोआराम की जिंदगी जीने के लिए अपने पति को रास्ते से हटाने के लिए दोनों ने मिलकर कोमल के गहने बेचकर अर्जित रूपयों से हनुमान के दोस्त सुपारी किलर अरविन्द उर्फ देवा, सुरेश कुमार व अशोक कुमार से सम्पर्क किया सुपारी किलरों ने 10 लाख रूपयों की डिमाण्ड की जिस पर 05 लाख में दुर्घटना का रूप देकर सुरेशपुरी की हत्या करने का सौदा हुआ। जिस पर 02 लाख रूपये एडवांस व शेष हत्या के बाद एक मुश्त देना तय हुआ। जिस पर सुपारी किलरों द्वारा सुरेशपुरी के घर व आने-जाने के रास्तों की रैकी की गई। 25 अगस्त 2024 को कोमल अपने पति को घरेलु सामान लेने के बहाने मोटरसाईकिल से बालोतरा लेकर आई। बाद खरीददारी के वापिस अपने घर जाते वक्त कोमल ने योजना के अनुसार बारीश का बहाना बनाकर खुद बस में बैठकर अपने पति को मोटरसाईकिल से रवाना किया।

उक्त जानकारी कोमल ने अपने प्रेमी हनुमान को दी। जिस पर पूर्व नियोजित सुपारी किलरों ने सुरेशपुरी को मोटरसाईकिल पर जाते हुए का पीछा करते हुए सरहद आसोतरा में ब्रह्मा जी मन्दिर के पास एकान्त जगह देखकर मौका पाकर मोटरसाईकिल को पीछे से टवेरा गाडी से टक्कर मारी जिससे सुरेशपुरी उछलकर गाय के ऊपर गिर जाने से सुरेशपुरी के सिर पर मामूली चोटें आई। तब सुपारी किलर वहां से भाग गये। इस प्रकार हत्या की नाकाम कोशिश होने के बाद से सुरेशपुरी के घर व आने जाने के रास्तों पर लगातार रैकी की जा रही थी मगर सुरेशपुरी अकेला नहीं होने से हत्या का मौका नहीं मिला। उसके बाद 9 सितम्बर 2024 को जसोल फांटा के पास सुरेशपुरी की हत्या करने के लिए पुनः साजिश व प्लानिंग के दौरान पुलिस द्वारा आसूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए साजिशकर्ता हनुमानपुरी व सुरेशपुरी की पत्नी कोमल एवं सुपारी किलर अरविन्द उर्फ देवा, सुरेश कुमार व अशोक कुमार को दस्तयाब कर बाद पूछताछ के प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष जरूरी : कौशल्या जांगिड़

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुडामालानी के महात्मा गांधी इंग्लिश विद्यालय में 68 वी जिला स्तरीय शतरंज खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि राणा कुलदीप सिंह राठौड, तहसीलदार कोशल्या जांगीड, विकास अधिकारी हरमनराम विश्नोई, शिक्षा विभाग अधिकारी ओमप्रकाश कडवासरा, प्रतियोगिता प्रवेशक शम्भुदान चारण,प्रधानाचार्य हितेंद्र सिंह चौहान, प्रधानाचार्य विक्रम सिंह राठौड के सानिध्य में हुआ। शतरंज खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 71 टीमे तथा 392 छात्र छात्राएं भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राणा कुलदीप सिंह राठौड ने कहा कि शतरंज का खेल एक दिमाग का खेल है । इस खेल को योग्यता के साथ खेले । तहसीलदार कोशल्या जांगिड ने कहा कि छात्र जीवन में आगे बएऩे के लिए संघर्ष करना जरुरी है। शिक्षा के साथ खेल का होना आवश्यक है । कार्यक्रम आए अतिथियों ने सम्बोधित कर अपने अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भंवरलाल गोंड के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह सरपंच भवराराम पुरोहित, जबराराम पुरोहित,भरत जैन,पारसमल पुरोहित, अशोक सिंह राजावत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# जसोलधाम में माजीसा के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

**बालोतरा**, (निसं)। पश्चिमी राजस्थान के शक्तिपीठ जसोलधाम में श्री राणीसा भटियाणीसा का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव को लेकर मन्दिर संस्थान की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रभात वेला में जसोल माँ का श्रृंगार कर मंगला आरती की गई। उसके बाद श्री गणपति पूजन, श्री देवी ध्यानम, श्री महाकाली पूजन, श्री महालक्ष्मी पूजन एवं श्री महा सरस्वती का पूजन किया गया। उसके साथ ही सप्तश्लोकी श्री देवी दुर्गा पाठ, श्री दुर्गा अष्टोत्शत नाम, श्री सूक्त पुरुसुक्त पाठ विद्वान पंडितों के द्वारा किए गए।

जन्मदिन के अवसर पर दर्शनों को पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं को फल का वितरण किया गया। जिसका लाभ श्री माजीसा युवा मंडल बालोतरा की ओर से लिया गया।

श्री राणीसा भटियाणीसा के जन्मोत्सव पर जसोल सर्व समाज की 323 कन्याओं का पूजन कर अन्न प्रसादम करवाया गया एवं अभिजीत मुहूर्त में संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल द्वारा पुष्कर से आए नगारची कलाकारों के ढोल व धमाकों के वादन के साथ सर्वसमाज की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया।

साथ ही जसोल मां के अनन्य भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि, उमंग व उल्लास को लेकर प्रार्थना की गई। तथा मां माजीसा के जन्मोत्सव पर भोजनप्रसादी (अन्न प्रसादम) व छप्पन भोग का लाभ कालेवा निवासी गोपालसिंह सुपुत्र स्वर्गीय अर्जुनसिंह परिवार ने लिया।

इस शुभ अवसर पर संस्थान सचिव गजेंद्रसिंह जसोल, संस्थान समिति सदस्य गुलाबसिंह डंडाली, कुं. हरिश्चन्द्रसिंह जसोल, मांगूसिंह जागसा, पुंजराजसिंह वरिया, सूरजभानसिंह दाखा, लालसिंह असाडा व विष्णुपालसिंह सिणधरी, ठा. प्रवीणसिंह टापरा, रूपचंद सालेचा (अध्यक्ष सीईटीपी ट्रस्ट, बालोतरा), हडवंतसिंह बुडीवाडा, गणपतसिंह, विक्रमसिंह, जोगसिंह असाडा, उदयसिंह, जितेंद्रसिंह, जगदीशसिंह, विक्रमसिंह डंडाली, गोपालसिंह कालेवा, गणपत बांठिया, राजेश भाई कौशल, मोहन भाई पंजाबी बालोतरा, डॉक्टर गोविंद कुमार दिल्ली, सवाई सिंह जाजवा, सुमेरसिंह डाभड, अशोक कुमार, उमेश चौधरी दुदुवा, मुल्तानमल माली, सागरमल मेघवंशी सहित जसोल मां के अनन्य भक्त मौजूद रहे।

### जन्मोत्सव पर श्रद्धा से सराबोर हुए श्रद्धालु

मां माजीसा के जन्मोत्सव पर ढोल की धमक थाली की टंकार के साथ लोक गायकी से बंधे सुरों ने देर रात तक भक्तों को जसोल मां की भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया और वहीं जन्मोत्सव पर दिनभर कुटले खां मय मांगणियार कलाकारों ने मां माजीसा के भजनों की सुमधूर वाणी में प्रस्तुतियां दी।

लोक गायिकी का लोहा मनवा रहे इन कलाकारों की शानदार प्रस्तुति से मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। जन्मोत्सव पर पूर्व संध्या में आयोजित हुए जागरण में स्थानीय भजन गायक तेजाराम दमामी, हेमाराम मेघवंशी व हरीराम भील ने भी भजनों से श्रोताओं को मां की भक्ति का रसपान कराया।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया

**जालोर**, (कासं)। जिला चिकित्सालय जालोर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर 10 सितम्बर को जागरूकता रैली को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रमेश कुमार चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।




जिला चिकित्सालय जालोर में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता रैली को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रमेश कुमार चौधरी ने हरी झंडी दिखाई। फोटो-राष्ट्रदूत

नर्सिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर नारे लगाए रैली जिला चिकित्सालय से रवाना होकर तिलक द्वार एवं मार्केट मार्ग से होते हुए पुनः नर्सिंग कॉलेज जालोर पहुंची। इसके पश्चात जिला चिकित्सालय के समस्त चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों द्वारा आत्महत्या मुक्त राजस्थान की शपथ ली गयी। इस अवसर पर डॉ. चौधरी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत समाज में जागरूकता लाना जरूरी है। इसके तहत रैली,शपथ एवं वाद विवाद प्रतियोगिता रखी गई। ताकि लोगों में जागरूकता पैदा की जाए। उन्होने कहा कि जीवन जीने के लिए दिया गया है, ना कि समाप्त करने के लिए कोई प्रॉब्लम हो तो इसका सॉल्यूशन जिंदगी खत्म करना नहीं है। वह आए और डॉक्टर की सलाह ले और अपनी जिंदगी आराम से जिए। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में नर्सिंग कॉलेज में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पवन ओझा ने नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओ को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि दुनियाभर में आत्महत्या के मामले काफी तेजी से बढ रहे हैं। आजकल की भाग दौड़ भरी जिंदगी में कई बच्चे और युवा, कैरियर और रोजगार को लेकर स्ट्रेस और डिप्रेशन जैसी बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। कई बार लोगों को ऐसा लगता है कि वह जिंदगी और हालातों से पैदा हुई चुनौतियों का सामना नहीं कर पाएंगे या उन समस्याओं का समाधान नहीं तलाश पाएंगे। इन हालातों से घबराकर लोग आत्महत्या करने को ही एकमात्र समाधान समझ लेते हैं। जबकि समस्या वाकई अस्थायी होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल लगभग 8 लाख लोग सुसाइड के जरिए अपनी जान से हाथ धो बैङ्गते हैं। वहीं सुसाइड करने वाले लोगों की फेहरिस्त में ज्यादातर युवा शामिल हैं. जिनकी उम्र 15 से 29 साल के बीच होती है। ऐसे में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की प्रासांगिकता और बढ़ जाती है।महाविद्यालय में आयोजित वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कैंडल मार्च का आयोजन किया गया।

उप नियंत्रक डॉ रामेश्वरलाल सुथार, डॉ. रमेश कुमार चौधरी, डीपीओ अभिमन्यु सिंह , नर्सिंग कॉलेज प्रिंसिपल डा.पवन ओझा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रमेश कुमार गहलोत, रोटरैक्ट क्लब युवा अध्यक्ष चेतना श्रीमाली आदि मौजूद रहे।